# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.04.2025 समय : 0705

<><><><><><>

1. सरकार ने विधिक माप विज्ञान—सामान्य नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार किए हैं।

2. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चयनित क्यूएनयू लैब्स ने दुनिया का पहला प्लेटफॉर्म क्यू—शील्ड लॉन्च किया।

3. राष्ट्र ने कल भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

4. द्वीपसमूह में बीस अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><>

केंद्र सरकार ने विधिक माप विज्ञान —सामान्य नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार किए हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन नियमों के तहत घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी गैस मीटरों के लिए इस्तेमाल से पहले परीक्षण, सत्यापन और मुहर लगाना अनिवार्य बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि नए नियमों का प्राथमिक उद्देश्य गैस मापन में सटीकता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। सत्यापित और मुहर लगे गैस मीटर अधिक कीमत वसूले जाने या कम मापन को रोकेंगे, विवादों में कमी लाएंगे और दोषपूर्ण या हेरफेर किए गए उपकरणों से उपभोक्ताओं को गारंटीयुक्त सुरक्षा प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि नियमों को अंतिम रूप दिया गया है जिसमें

उद्योग और कार्यान्वयन अधिकारियों को इसके अनुपालन की तैयारी के लिए संक्रमणकालीन अवधि का प्रावधान है। इससे बिना गैस आपूर्ति बाधित हुए और उपभोक्ताओं या व्यवसायों को परेशानी के बिना देश में सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। गैस मीटरों संबंधी यह पहल वैश्विक मानदंडों के अनुरूप भारत के मापन पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने, उपभोक्ता विश्वास बढ़ाने तथा बाजार में दक्षता और सत्मनिष्ठा को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित करती है।

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चयनित स्टार्टअप में से एक क्यूएनयू लैब्स ने कल विश्व क्वांटम दिवस पर दुनिया का पहला और अनूठा प्लेटफॉर्म क्यू–शील्ड लॉन्च किया। यह क्लाउड, ऑन–प्रिमाइसेस या हाइब्रिड सहित किसी भी वातावरण में सहज क्रिप्टोग्राफी प्रबंधन में सक्षम है।

इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए जाने के साथ ही भारत क्वांटम प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि 2016 में आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क में इनक्यूबेट किया गया क्यू–एन यू लैब्स क्वांटम–सुरक्षित समाधानों के साथ साइबर सुरक्षा में क्रांति ला रहा है, जिससे भारत क्वांटम क्रिप्टोग्राफी में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित हो रहा है।

<><><><><><><><><><>

पिछले एक दशक में भारत में बहुत बदलाव आया है, जिसने वैश्विक स्तर पर देश की छवि को नया आकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता, नवाचार और तकनीकी उन्नति पर सरकार के ध्यान केन्द्रित करने से भारत अत्याधुनिक तकनीक और क्षमताओं में ऐसे अग्रणी देशों के समूह में शामिल हो चुका

है जो वैश्विक महाशक्तियों को टक्कर दे रहे हैं। देश में रक्षा क्षेत्र में आए बडे बदलाव ने आधुनिक युद्ध तकनीक में भारत को पूरी तरह से सक्षम बना दिया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत सैटेलाइट डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करने वाले चार देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हो चुका है। भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारकर दुनिया में ऐसा करने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। इसके अलावा सेमीकॉन इंडिया की घोषणा के साथ, देश सेमीकंडक्टर हब बनने की दौड़ में शामिल हो गया है।

<><><><><>

राष्ट्र में कल भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य लोगों ने संसद परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने प्रेरणादायक जीवन में बाबा साहेब ने चरम कठिनाईयों का सामना करने के बावजूद एक विशिष्ट पहचान बनाई और अपनी असाधारण उपलब्धियों से दुनिया में सम्मान अर्जित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. आम्बेडकर की प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। द्वीपसमूह में भी डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। आकाशवाणी श्री विजयपुरम में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उप–निदेशक आभियांत्रिकी डी.

नरासिम्हा राव, कार्यक्रम निष्पादक जयशीला और अन्य कर्मचारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उप–निदेशक ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ, अंडमान निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं "एकजुट होकर प्रज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत" थीम के तहत अग्निशमन सेवा दिवस–2025 मना रहे हैं। अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन कल स्मरण दिवस परेड के साथ शुरू हुआ, जिसमें वर्ष – 2024 के दौरान कर्तव्य को पूरा करने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन सेवा कर्मियों को सम्मानित और श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य समारोह अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मुख्यालय के परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने इस दिन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, जब 14 अप्रैल, उन्नीस सौ चवालिस को बॉम्बे डॉक विस्फोट के दौरान कई अग्निशमन कर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह वार्षिक उत्सव न केवल स्मरण का क्षण है, बल्कि राष्ट्रव्यापी कार्रवाई का आह्वान भी है।

<><><><><><>

आज बंगाली नव–वर्ष के अवसर पर अतुल स्मृति समिति परिसर में शाम सात बजे सादे समारोह का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से हाल ही में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंडमान निकोबार कमान और प्रशासन द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट और क्षेत्र में खेल पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से किया गया। इसमें मुख्यभूमि और द्वीपसमूह से 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन को उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन, ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भारत की प्रसिद्ध एथलीट पद्म श्री पुरस्कार विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कमांडर–इन–चीफ ने ऑफ–सीजन खेल आयोजनों के माध्यम से फिटनेस और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कमान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

<><><><><><><>